

नवभारत
इंदौर, शनिवार, 22 नवंबर, 2025


# नीमच नारकोटिक्स कार्यालय का घेराव, पिपलियामंडी के सैकड़ों ग्रामीण एकजुट

**▸ नारकोटिक्स विंग अधिकारियों पर झूठा केस बनाने का आरोप**

**नीमच। मंदसौर जिले के पिपलियामंडी निवासी सैकड़ों ग्रामीण और नगरवासी शुक्रवार को केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो, नीमच कार्यालय पहुंचे, जहाँ उन्होंने मादक पदार्थ तस्करी के हालिया प्रकरण में गिरफ्तार गोर्धन सिंह को निर्दोष बताते हुए विभाग का घेराव किया और ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने मामले की पुन: जांच, निष्पक्ष समीक्षा और असली दोषियों पर कार्रवाई की मांग उठाई।**

ग्रामीणों ने ज्ञापन में कहा कि गोर्धन सिंह एक साधारण मजदूर है, जो बीते वर्षों से गिट्टी, मोर्रम और अन्य निर्माण सामग्री की सप्लाई कर अपने परिवार का भरण–पोषण करता है। उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर है और उसके विरुद्ध अब तक कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं रहा। ग्रामीणों ने बताया कि वह शांत, सरल और ईमानदार व्यक्ति है, जो केवल मेहनत से रोज़गार चलाता है।

घटना को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि कुछ महीने पहले गोर्धन सिंह गिट्टी सप्लाई का भुगतान लेने जावरा गया था, जो उसका सामान्य कार्य था। इसी आधार पर उस पर तस्करों की सहायता करने का आरोप लगाया गया, जबकि न तो उसके खिलाफ ठोस प्रमाण हैं और न ही कोई परिस्थितिजन्य साक्ष्य। ग्रामीणों ने यह भी प्रश्न उठाया कि इस प्रकरण में पिपलियामंडी निवासी दिनेश पोरवाल को नोटिस जारी कर छोड़ दिया गया, लेकिन गोर्धन सिंह को बिना नोटिस के ही आरोपी बना दिया गया जिससे मामले पर संदेह और गहरा गया।



ग्रामीणों ने खुलासा किया कि कथित घटना के बाद स्वयं दिनेश पोरवाल ही गोर्धन सिंह को नीमच लेकर आया था, जिससे पूरा मामला और ज्यादा शंकास्पद प्रतीत होता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि किसी व्यक्तिगत कारण, गलतफहमी, या बाहरी दबाव के चलते गोर्धन सिंह को जानबूझकर झूठे प्रकरण में फंसाया गया है।

प्रदर्शन के दौरान माहौल भावुक हो उठा, जब पीड़ित की पत्नी जिसका बच्चा गंभीर बीमारी से जूझ रहा है अधिकारियों के चरणों में गिरकर न्याय की गुहार लगाने लगी। इस दर्दनाक दृश्य ने पूरे माहौल को स्तब्ध कर दिया।

प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस नेता श्यामलाल जोकचंद ने किया। उन्होंने नारकोटिक्स विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग अक्सर निर्दोष लोगों पर झूठे प्रकरण बनाकर उन्हें फंसाता है। उन्होंने दावा किया कि इस मामले में भी पहले नोटिस देकर एक व्यक्ति से पैसे लेकर छोड़ दिया गया, जबकि गोर्धन सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने मांग की कि निर्दोष को तुरंत रिहा किया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए।ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि मामले की गहन एवं निष्पक्ष जांच कर सत्य उजागर नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। नारकोटिक्स अधिकारी आर.के. रजक, डिविजन ऑफिसर मंदसौर ने ज्ञापन प्राप्त कर ग्रामीणों को 7 दिनों में उचित निराकरण का आश्वासन दिया।



# जमीन विवाद : बड़े भाई ने छोटे को मारा चाकू

**▸ पिता के हिस्से की जमीन को लेकर किया हमला, घायल रतलाम रेफर**

**नीमच। जिले के कुकड़ेश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत भागल बुजुर्ग गांव में जमीन–जायदाद के विवाद को लेकर बड़े भाई ने अपने छोटे भाई पर चाकू से हमला कर दिया। गुरुवार देर शाम हुई इस घटना में छोटा भाई रमेश भील घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद रतलाम रेफर किया गया है।**

जानकारी के अनुसार, घायल रमेश भील भागल पिता पूरालाल भील बुजुर्ग का निवासी हैं। पिता ने बताया कि उनका बड़ा बेटा श्यामलाल भील, जो नीमच के पंजीयन कार्यालय में कार्यरत है, गुरुवार देर शाम अपनी बेटी और पत्नी के साथ खेत पर पहुंचा।

## पिता बोला– शराब पीकर झगड़ा करता है बेटा

पिता के अनुसार, बड़े बेटे ने उनसे कहा कि उसने जमीनों का बंटवारा कर दिया है। उन्होंने अपने हिस्से की जमीन छोटे बेटे रमेश को दे रखी है। इसी बात को लेकर बड़े बेटे ने छोटे भाई के साथ मारपीट की और उस पर चाकू से कई वार कर घायल कर दिया। पिता ने यह भी बताया कि बड़ा बेटा अक्सर शराब पीकर भाई से गाली–गलौज करता था। घायल रमेश भील को परिजन और ग्रामीण तत्काल मानसा के शासकीय अस्पताल ले गए। वहां उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे नीमच जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। नीमच से भी डॉक्टरों ने बेहतर उपचार के लिए गुरुवार रात उसे रतलाम रेफर कर दिया। पुलिस ने इस मामले को संज्ञान में लेकर आगे की जांच और कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एक नजर में

### मनासा में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देगा माधवम् हॉस्पिटल, आज होगा शुभारंभ





**मनासा।** नगर में स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊँचाई प्रदान करने जा रहे आधुनिक चिकित्सा संस्थान माधवम् हॉस्पिटल का शुभारंभ शुक्रवार 22 नवम्बर को दोपहर 12.15 बजे उषागंज कॉलोनी स्थित बगिया के सामने आयोजित कार्यक्रम में किया जाएगा। शुभारंभ अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहेंगे। इसी के साथ अस्पताल को औपचारिक रूप से आमजन के लिए समर्पित किया जाएगा। माधवम् हॉस्पिटल मनासा क्षेत्र में उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं का एक नया केंद्र बनने जा रहा है। अस्पताल में अनुभवी डॉक्टर्स की टीम मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध करवाएगी। संस्थान में डॉ. सर्वेश मारू (मेडिसिन) और डॉ. राधिका मारू (पैथोलॉजी) अपनी विशेषज्ञ सेवाएँ प्रदान करेंगे। दोनों ही चिकित्सक लंबे समय से चिकित्सा क्षेत्र में सेवाएँ देते हुए मरीजों का विश्वास अर्जित कर चुके हैं। विधायक अनिरुद्ध मारू ने अस्पताल के शुभारंभ को क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि माधवम् हॉस्पिटल के शुरू होने से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के मरीजों को घर के पास ही आधुनिक और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध होंगी, जिससे गंभीर रोगियों को समय पर उपचार प्राप्त करने में सहूलियत होगी।

### जल संचय अभियान अंतर्गत बोरी बंधान बनाया



**नीमच।** विकासखण्ड नीमच में सेक्टर 02 की नवांकुर संस्था नीमच सुरेश लोक शिक्षण समिति द्वारा प्रस्फुटन ग्राम गिरदौड़ा में जल संचय अभियान अंतर्गत ग्राम गिरदौड़ा में श्मशान घाट के पास नाले पर सामूहिक श्रमदान करते हुए 20 से 30 बोरियो का बोरी बंधान कर के जल के बहाव को रोका गया। जिसमे जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक वीरेंद्र सिंह ठाकुर,नवांकुर संस्था सचिव श्रीमती शशि परिहार,कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह चौहान, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष राम सिंह यादव, दशरथ यादव, लक्ष्मण यादव, परामर्शदाता मीनू त्रिपाठी और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम विद्यार्थी बेबी कुंवर,चंदा मेघवाल,ज्योति नागदा उपस्थित रहे।

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री पटेल आज मनासा आएंगे



**नीमच।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम विभाग के मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल आज 22 नवंबर को दोपहर:12 बजे मनासा पहुंचकर माधवम् हास्पिटल के शुभारंभ कार्यक्रम में सम्मिलित होगे। तत्पश्चात दोपहर एक बजे मनासा से सड़क मार्ग द्वारा रणकपुर, राजस्थान के लिए प्रस्थान करेगें।मंत्री श्री पटेल इसी दिन शाम 7 बजे रणकपुर राजस्थान से प्रस्थान कर कार द्वार रात्रि 11.30 बजे नीमच सर्किट हाउस आएगे और रात्रि विश्राम नीमच में करेगे।

### फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के संबंध में स्टेंडिंग कमेटी की बैठक आज

**नीमच।** पंचायतों, नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के संबंध में स्टेडिंग कमेटी की बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, नीमच श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में आज शनिवार 22 नवंबर 2025 को प्रात:11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है । स्टेडिग कमेटी के सभी सदस्यों से इस बैठक में उपस्थित होने का आगृह किया गया है

### उपभोक्ता इस माह 30 नवंबर के पूर्व राशन प्राप्त करें

नीमच। शासन के निर्देशानुसार शासकीय उचित मूल्य दुकान से मिलने वाले नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण की माह नवम्बर 2025 के लिए अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2025 हैं। वर्तमान में जिले के 44217 परिवारों द्वारा उचित मूल्य दुकान से राशन प्राप्त किया जाना शेष है। जिला आपूर्ति अधिकारी नीमच ने जिले के शेष रहे परिवारों के माह नवम्बर 2025 का राशन अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2025 तक शासकीय उचित मूल्य दुकान से प्राप्त करने का आगृह किया है ।अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2025 तक ही राशन मिलेगा। उपभोक्ता अपनी सुविधानुसार वन नेशन वन राशन कार्ड योजना तहत पोर्टेबिलिटि के माध्यम से किसी भी शासकीय उचित मूल्य दुकान से राशन प्राप्त कर सकते हैं।

# श्री मुवाझर माताजी मंदिर पर 51 फीट ऊंचे ध्वज का पूजन सम्पन्न



**सीतामऊ।** श्री मुवाझर माताजी मंदिर परिसर में मुवाला मुवाझर सामाजिक एवं जनकल्याण सेवा समिति द्वारा भव्य 51 फीट ऊँचे ध्वज का ध्वज पूजन एवं पूर्व सैनिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

समिति अध्यक्ष अर्जुन गेहलोत ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों संतोष शर्मा (विश्व हिन्दू परिषद), एसडीओपी दिनेश प्रजापति, थाना प्रभारी कमलेश प्रजापति, भागवताचार्य पूजा दीदी, समाजसेवी लक्ष्मीनारायण पाटीदार, राधेश्याम दांगी एवं समिति पदाधिकारियों द्वारा माताजी को पुष्पांजलि व चुनरी अर्पित कर की गई। इसके बाद पवित्र भगवा ध्वज का पूजन कर 51 फीट ऊँचे ध्वज का विधिवत आरोहण किया गया।

मुख्य अतिथि संतोष शर्मा ने कहा कि भगवा ध्वज सनातन धर्म एवं संस्कृति की पहचान है और सदियों से हमारे आध्यात्मिक मूल्यों का प्रतीक रहा है। एसडीओपी दिनेश प्रजापति ने मंदिर परिसर को धार्मिक एवं प्राकृतिक ऊर्जा से परिपूर्ण बताते हुए समिति द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। भागवताचार्य पूजा दीदी ने आगामी वर्षों में भी कथा आयोजन जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों का विशेष सम्मान किया गया, जिसमें महावीर परसाई, रणजीत सिंह, महेश राठौड़, बादर सिंह, दीपक सोनी, महेंद्र जोशी, लालचंद, आकाश द्विवेदी, प्रेम सिंह सोलंकी, बनवर सिंह सहित अन्य सैनिकों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर समिति के अर्जुन गहलोत, बंटी व्यास, दिनेश हरगोड़, सुखदेव पाटीदार, वंदना सेन, अशोक गहलोत, तूफान सिंह यादव, कन्हैयालाल पाटीदार, उत्सव जैन, महिपाल सिंह, सरपंच सुंदरलाल सोनारथी सहित बड़ी संख्या में भक्त एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# जावद में पंचायत सचिव ने की गाली–गलौज, एसआईआर सर्वे की जानकारी लेने पर भड़के, जनपद सीईओ बोले–सख्त कार्रवाई करेंगे





**जावद।** आलोरी–गरवाड़ा ग्राम पंचायत सचिव राजेश शर्मा का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में सचिव एक हितग्राही के साथ गाली–गलौज और अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हुए नजर आ रहे हैं। घटना के बाद क्षेत्र में ग्रामीणों में आक्रोश है और उन्होंने अधिकारियों से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**हितग्राही से अभद्रता का मामला**–यह घटना आलोरी–गरवाड़ा ग्राम पंचायत में बुधवार को हुई। ग्रामीण धर्मराज धाकड़ ने बताया कि वह अपने परिवार की आईडी बनवाने के लिए पंचायत कार्यालय गए थे। काम नहीं होने पर उन्होंने 181 हेल्पलाइन पर शिकायत भी दर्ज कराई थी।

बुधवार को धर्मराज अपनी बुआ का नाम एसआईआर सर्वे 2003 में दर्ज है या नहीं, यह पता करने पंचायत कार्यालय पहुंचे। इसी दौरान सचिव राजेश शर्मा ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया, जिसे वीडियो में रिकॉर्ड किया गया।

**वीडियो में गाली–गलौज करते दिखे**–वीडियो में सचिव राजेश शर्मा को कहते हुए सुना जा सकता है कि 'भाई साहब अपना व्यवहार बना रहे हो... मेरे काम का लोड था... फील्ड में काम करना पड़ता है... चाय–पानी की बात क्यों कर रहे हो...' इसके बाद वे हितग्राही के साथ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हैं। वीडियो में हितग्राही शांत रहने की कोशिश करता नजर आ रहा है।

## पंचायत सचिव को निलंबित करने की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि यदि पंचायत जैसे सरकारी कार्यालयों में जनता का सम्मान नहीं होगा, तो सरकारी योजनाओं का लाभ गरीबों तक नहीं पहुंचेगा। उन्होंने जनपद सीईओ और जावद एसडीएम से सचिव राजेश शर्मा को निलंबित करने, वायरल वीडियो की गहन जांच कराने और हितग्राही के साथ हुए दुर्व्यवहार पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

जनपद सीईओ शैलेंद्र सिंह ने कहा– पंचायत में आने वाले किसी भी हितग्राही के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करना सभी कर्मचारियों के लिए अनिवार्य है। अगर किसी के साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जाता है, तो ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पशुपतिनाथ महादेव मेला के सांस्कृतिक रंगमंच पर पार्श्वगायक और भजन सम्राट कैलाश खेर ने दी अद्भुत प्रस्तुति





**मंदसौर।** 63वें भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मेला में पार्श्वगायक एवं भजन सम्राट कैलाश खेर का कार्यक्रम अद्भुत रहा। पशुपतिनाथ अतिथिगृह के पास स्थित खुले मैदान में हजारों श्रोताओं के बीच कैलाश खेर ने एक के बाद एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति से ऐसा समा बांधा की श्रोता उनकी दाद दिए बिना रह नहीं सके। रात्रि 9.30 से प्रारंभ हुई कैलाश खेर की प्रस्तुति देर रात्रि तक चली जिसमें उन्होंने भगवान पशुपतिनाथ काशी विश्वनाथ एवं भोलेनाथ की महिमा बताने वाले गीत प्रस्तुत किये। उन्होने ''जोगी मेरा रंग रंगीला .....'' गीत से शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने ''आओ जी यू न सताओ जी.......'' गीत गाया। उन्होंने जय पशुपतिनाथ का उद्घोष करते हुए मंच पर कहा कि मैं पशुपतिनाथ की इस पावन धरती पर कैलासा (गीत संगीत) के लिये आया हूॅ, मंदसौर भोले और भोलो (सीधे सादे) लोगों की नगरी है। उन्होंने ''तौबा–तौबा मेरी सूरत, माशा अल्लाह...... '' गीत प्रस्तुत कर खूब तारीफ बटोरी। कैलाश खेर ने ''कैसे बताये बातें दिलों की........, तू जाने ना .......... " गीत पर युवाओं की खूब दाद बटोरी। कई युवा तो कुर्सी पर बैठकर ही नृत्य करने लगे। उन्होंने रंग दीनी रंग दीनी ............'' गीत प खूब तालिया बटोरी। उन्होंने पिया ओ पिया गीत भी गाया। कैलाश खेर के गीतों पर युवाओं ने पूरे जोश से उनका साथ दिया और तालियों से उनका अभिवादन किया। कैलाश खेर ने काशी विश्वनाथ की महिमा बताने वाले गीत ''मेरे बाबाजी निहारे ...... '' गीत गाया जिसे सभी ने पसंद किया। उन्होंने ''तेरे नाम से जी लू तेरे नाम से मर जाऊ...... एवं ''बम लहरी'' गीत भी गाया।

इसके पूर्व सांस्कृतिक मंच पर कार्यक्रम के अतिथिगण लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, पूर्व विधायक सिसौदिया, कैलाश चावला, भाजपा जिलाध्यक्ष पं. राजेश दीक्षित, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, मुकेश काला, सुवासरा विधायक हरदीपसिंह डंग, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, जनपद अध्यक्ष बसंत शमा, भाजपा जिला महामंत्री विजय सुराना, महेश जुनवाल, शिवराजसिंह राणा, पूर्व जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया का स्वागत नपा अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, मेला सभापति श्रीमती प्रतिभा विक्रम भैरवे एवं मेला समिति सदस्यों ने किया। संचालन ब्रजेश जोशी ने किया।





# नीमच –महू रोड पर बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर, रतलाम निवासी युवक घायल


**नीमच।** शहर के केंट थाना क्षेत्र में नीमच–महू हाईवे पर गुरुवार रात एक बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को टेंपो की मदद से नीमच जिला अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जय श्री बस नीमच से प्रतापगढ़ की ओर जा रही थी। इसी दौरान, एक बाइक सवार हाईवे की ओर से नीमच की तरफ आ रहा था। हिंगोरिया घाटी के पास बस ने बाइक को टक्कर मार दी।

डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक इलाज के बाद रेफर किया

हादसे में घायल हुए बाइक चालक की पहचान रतलाम के ईश्वर (18) पिता पूनम चंद्र आमली ढोकला निवासी के रूप में हुई है। टक्कर के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई थी। राहगीरों ने घायल ईश्वर को गुरुवार रात करीब 10 बजे ऑटो की सहायता से नीमच जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक इलाज किया। गंभीर हालत को देखते हुए उसे आगे के इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

**एक नजर** ▸ घर–घर पहुंचकर फॉर्म भरवा रहे हैं बीएलओ, 2003 की वोटर लिस्ट में नहीं नाम

# अधिकारी बोले– कर लें ये जरूरी काम, नहीं कटेगा नाम



**नीमच।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभियान के चलते इन दिनों शहर में मतदाताओं की भारी उलझन देखने को मिल रही है। बीएलओ घर–घर पहुंचकर जो फॉर्म भरवा रहे हैं, उसमें नागरिकों को वर्तमान जानकारी के साथ 2003 की मतदाता सूची का विवरण भी भरना है, लेकिन हजारों लोगों को 2003 की सूची में अपना नाम ही नहीं मिल रहा है। स्थिति यह है कि लोग बूथ, जोन और तहसील कार्यालयों के चक्कर लगाकर पुराने रिकॉर्ड खोज रहे हैं और उन्हें आशंका है कि कहीं उनका नाम मौजूदा मतदाता सूची से ही न कट जाए।

**20 साल पुराने रिकॉर्ड ढूंढना मुश्किल**– मतदाताओं का कहना है कि 20 साल पुराने रिकॉर्ड ढूंढना मुश्किल है। नाम नहीं मिलने से उनके बच्चे जो 2003 की सूची में नहीं थे, वे भी फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं क्योंकि उन्हें अपने परिवार के किसी सदस्य की जानकारी उसमें भरना है। इसी चिंता में लोग लगातार सरकारी कार्यालयों में पहुंच रहे हैं, जबकि अधिकारी यह स्पष्ट कर रहे हैं कि 2003 की सूची में नाम न मिलना कोई समस्या नहीं है।

## ▸ सहायता के लिए शहर में पांच स्थानों पर मतदाता सहायता केंद्र स्थापित

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा नीमच क्षेत्र के मतदाताओं की सहायता के लिए हेल्पडेस्क स्थापित की गई है। इस हेल्पडेस्क पर वर्ष 2003 की मतदाता सूची में अपना नाम, सर्च करने में सहायता प्राप्त की जा सकेगी। एसडीएम श्री संजीव साहू ने बताया, कि नीमच शहरी क्षेत्र में पांच स्थानों पर मतदाता हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। नीमच सीटी के शा .बा .मा .वि .क्रमांक एक, नया बाजार, नीमच सिटी में स्थापित हेल्प डेस्क पर पटवारी श्री पंकज शर्मा मो .न . 8878886059, कम्प्यूटर आपरेटर श्री उमेश धनगर मो .न . 7000576361 तैनात किए गए है। बघाना के व्यास बाल मंदिर के मतदान केंद्र क्र .115 पर स्थापित हेल्पडेस्क पर पटवारी श्री अशरफ अली मो .न .8770095239 एवं आपरेटर श्री नवीन धाकड मो .न .7509992143 को तैनात किया गया है। इंदिरा नगर नीमच के मांगलिक भवन नीमच सीटी मतदान केंद्र 38 पर पटवारी श्री शशीप्रकाश मो .न .9827083417 एवं आपरेटर श्री अशोक पाटीदार मो .न . 9993550186, ग्वालटोली में शा .प्रा .वि .कक्ष क्रमांक 14 मतदान केंद्र क्रमांक 48 ग्वालटोली हेल्पडेस्क पर पटवारी श्री लोकेश मोड मो .न .9479950548 , आपरेटर श्री सुनील पाटीदार मो .न . 9039225817 एवं नीमच केंट के शा .बा .मा .वि .क्रमांक–2 मतदान केंद्र क्रमांक 91 नीमच केंद्र पर स्थापित हेल्पडेस्क मतदाताओं की सहायता के लिए पटवारी श्री अजय शर्मा मो .न .9977778408, आपरेटर श्री आशीष पाटीदार मो .न . 9826374032, का तैनात किया गया है।